# दुनिया के पहले ट्रिलियनियर बने मस्क

▸ स्पेसएक्स लिस्टिंग से मस्क बने खरबपति

**नई दिल्ली, 13 जून. शुक्रवार को स्पेसएक्स ने शेयर बाजार में ऐतिहासिक शुरुआत करते हुए निवेशकों को पहले ही दिन शानदार रिटर्न दिया.**

कंपनी का आईपीओ 135 डॉलर प्रति शेयर पर आया था, जबकि बाजार में सूचीबद्ध होने के बाद शेयर लगभग 150 डॉलर पर खुला और कारोबार के दौरान तेज उछाल दर्ज करते हुए 160.95 डॉलर पर बंद हुआ. इस तरह निवेशकों को पहले ही दिन करीब 19 प्रतिशत का लाभ मिला. इस उछाल के साथ




स्पेसएक्स का बाजार पूंजीकरण लगभग 2.1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जिससे यह दुनिया की सबसे मूल्यवान सार्वजनिक कंपनियों में शामिल हो गई. कंपनी का यह आईपीओ इतिहास का सबसे बड़ा आईपीओ माना जा रहा है, जिसमें करीब 75 अरब डॉलर जुटाए गए. स्पेसएक्स की इस सफलता का सबसे बड़ा फायदा उसके संस्थापक एलन मस्क को हुआ. कंपनी में उनकी बड़ी हिस्सेदारी और अन्य कंपनियों में निवेश के चलते उनकी कुल संपत्ति 1 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर गई. इसके साथ ही वे दुनिया के पहले ट्रिलियनियर बन गए हैं. यह उपलब्धि वैश्विक कारोबारी इतिहास में पहली बार दर्ज हुई है. निवेशकों का भरोसा केवल कंपनी के वर्तमान कारोबार पर नहीं, बल्कि भविष्य की संभावनाओं पर आधारित है.

**▸ स्पेसएक्स भविष्य की सबसे प्रतिभाशाली कंपनी में से एक**

स्टारलिंक सैटेलाइट नेटवर्क, अंतरिक्ष परिवहन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित परियोजनाएं और वैश्विक संचार सेवाएं स्पेसएक्स को आने वाले वर्षों में और अधिक मजबूत बना सकती हैं. हालांकि कुछ विशेषज्ञों ने कंपनी के ऊंचे मूल्यांकन और लाभप्रदता को लेकर सवाल भी उठाए हैं, लेकिन बाजार की प्रतिक्रिया से साफ है कि निवेशक स्पेसएक्स को भविष्य की सबसे प्रभावशाली कंपनियों में से एक मान रहे हैं. फिलहाल, स्पेसएक्स की ऐतिहासिक लिस्टिंग और एलन मस्क का ट्रिलियनियर बनना दुनियाभर के वित्तीय और तकनीकी जगत में चर्चा का प्रमुख विषय बना हुआ है.

## खरगे-प्रियंका ने विमान दुर्घटना पर जताया दु:ख



**नयी दिल्ली.** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने असम में वायुसेना के एक विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटना में पांच जवानों की शहादत पर गहरा शोक व्यक्त किया है.खरगे ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर अपने शोक संदेश में कहा कि असम में वायुसेना के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटना में पांच बहादुर जवानों की शहादत का समाचार अत्यंत दुखद है. उन्होंने दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक-संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है.

# नागपुर में विकास की बदली तस्वीर : गडकरी

▸ नागपुर में रोपे जाएंगे 25 लाख पौधे

**नयी दिल्ली, 13 जून.** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि नागपुर और आसपास के क्षेत्रों में पिछले 12 वर्षों के दौरान बड़े पैमाने पर विकास कार्य किए गए हैं और अब शहर को हरित नगरी बनाने के लिए 25 लाख पौधे लगाए जाएंगे.


गडकरी ने शनिवार को नागपुर में मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत स्कूलों, विश्वविद्यालयों, स्वयंसेवी संगठनों, राजनीतिक दलों तथा अन्य संस्थाओं को दो से



तीन मीटर ऊंचाई वाले पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण और उनके संरक्षण को बढ़ावा दिया जा सके. पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत 58 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए हैं, जबकि आयुष्मान भारत योजना से 60 करोड़ लोगों को लाभ मिला है. प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 11 करोड़ गैस कनेक्शन दिए गए हैं तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 11 करोड़ किसानों को वार्षिक वित्तीय सहायता मिल रही है.

> गडकरी ने बताया कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत 57 करोड़ लाभार्थियों को लगभग 35 लाख करोड़ रुपये के ऋण वितरित किए गए हैं. स्टार्टअप इंडिया के तहत 1.6 लाख स्टार्टअप और 118 यूनिकॉर्न अस्तित्व में आए हैं तथा स्किल इंडिया मिशन के तहत करीब पांच करोड़ युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया है. उन्होंने कहा कि नागपुर में कॉटन मार्केट पुनर्विकास परियोजना, इतवारी मार्केट, ऑरेंज मार्केट, कमल चौक वाणिज्यिक परिसर, बुढ़वारी मार्केट तथा अन्य कई परियोजनाओं पर काम चल रहा है.

## डॉ. गौतम कृषि जैव विविधता विशेषज्ञ समिति के अध्यक्ष



**नई दिल्ली, 13 जून.** राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण ने कृषि जैव विविधता विशेषज्ञ समिति का एक वर्ष के लिए पुनर्गठन करते हुए प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक पद्मश्री डॉ. पी.एल. गौतम को इसका अध्यक्ष नियुक्त किया है. प्राधिकारण ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि डॉ. गौतम राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण तथा पादप किस्मों के संरक्षण एवं किसान अधिकार प्राधिकरण (पीपीवीएफआरए) में अध्यक्ष के रूप काम कर चुके हैं.

# गाँवों से होकर गुजरती है विकसित राष्ट्र बनाने की यात्रा : बिरला

**नई दिल्ली, 13 जून. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कहा कि वर्ष *2047* तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की यात्रा उसके खेतों, किसानों और गाँवों से होकर गुजरती है.**

श्री बिरला ने विकसित भारत-2047 के लिए सतत कृषि :परंपरा, प्रौद्योगिकी और ठोस परिणाम विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि सतत कृषि, नवाचार और अनुसंधान विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने के प्रमुख आधार हैं। पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक तकनीक के प्रभावी समन्वय के माध्यम से भारत वैश्विक



कृषि नेतृत्वकर्ता के रूप में उभरने की क्षमता रखता है. उन्होंने कहा कि भारत में कृषि केवल आर्थिक गतिविधि नहीं, बल्कि देश की संस्कृति, सभ्यता और जीवन-दर्शन का अभिन्न अंग है. उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने, ग्रामीण समृद्धि को बढ़ावा देने, सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने तथा समावेशी विकास को गति देने में कृषि की केंद्रीय भूमिका है.

# एनडीए की पहली महिला बैच बनी अधिकारी

▸ सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद खुला था रास्ता

▸ आईएमए परेड में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु हुईं शामिल

**नई दिल्ली, 13 जून. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शनिवार को देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी में 158वें रेगुलर कोर्स और 141वें टेक्निकल ग्रेजुएट कोर्स की पासिंग आउट परेड का निरीक्षण किया.**

यह अवसर भारतीय सेना और देश की महिलाओं के लिए ऐतिहासिक माना जा रहा है, क्योंकि राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के पहले महिला बैच की कैडेट्स अधिकारी के रूप में पासआउट हुई हैं. आईएमए की



पासिंग आउट परेड में एनडीए की पहली महिला बैच की 9 महिला कैडेट भारतीय थलसेना में अधिकारी के रूप में शामिल हुईं. यह उपलब्धि भारतीय सशस्त्र बलों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण प्रतीक है. इससे पहले एनडीए में महिलाओं के प्रवेश की अनुमति नहीं थी. जून 2022 में सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले के बाद महिलाओं के लिए एनडीए के द्वार खुले थे. इस निर्णय ने सशस्त्र बलों में महिलाओं की भूमिका को नई दिशा प्रदान की और आज उसका ऐतिहासिक परिणाम देखने को मिला.

# राम मंदिर में चोरी के आरोपों की जांच के लिए एसआईटी गठित

**लखनऊ, 13 जून.** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर से चढ़ावे में हेराफेरी के आरोपों के बीच उत्तर प्रदेश सरकार ने विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित कर दिया है. श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुरोध के क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शासन ने इसका गठन किया है.

सरकार की ओर से गठित एसआईटी में तीन अधिकारी शामिल किए गए हैं. इसमें विजय विश्वास पंत, आईएएस, मंडलायुक्त लखनऊ , किरन एस, आईपीएस, आईजी रेंज और नील रतन, विशेष सचिव, वित्त शामिल हैं . गौरतलब है कि विवाद की शुरुआत सात जून को सपा सरकार में मंत्री रह चुके पवन पांडेय के दावे से हुई. पांडेय ने कहा था कि राम मंदिर से 5 से 7.5 करोड़ रुपये तक की चोरी की गई है। इसके बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी सरकार की चुप्पी को संदिग्ध

**मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर किया गया गठन**

बताते हुए कहा था कि मामले को कोर्ट को देखना चाहिए. ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने सफाई देते हुए कहा था कि अभी तक ऐसी कोई बात सामने नहीं आई है लेकिन विवाद बढ़ने पर भाजपा नेता डॉ. रजनीश सिंह ने नौ जून को प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर सीबीआई जांच की मांग कर दी।

### एक नजर में

## राष्ट्रसेवा में समर्पित जवानों को धामी ने दी श्रद्धांजलि



**जोरहाट,13जून.** असम के जोरहाट क्षेत्र में भारतीय वायुसेना का एएन-32 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से पांच जवानों के निधन की पुष्टि हुई है। यह हादसा देश के लिए अत्यंत पीड़ादायक और स्तब्ध कर देने वाला है, क्योंकि इसमें देश की रक्षा में तैनात उन वीर सपूतों ने अपने प्राणों की आहुति दी, जो हर परिस्थिति में राष्ट्रसेवा के लिए तत्पर रहते हैं. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, विमान अपने नियमित मिशन पर था, तभी अचानक किसी तकनीकी समस्या या अप्रत्याशित स्थिति के कारण वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया था.

## वैश्विक ईंधन कीमतों में राहत दे रही सरकार :सूद




**नई दिल्ली.** दिल्ली के ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने शनिवार को कहा कि वैश्विक स्तर पर ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी और पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच दिल्ली सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने का दावा किया है. श्री सूद ने आज कहा कि बिजली खरीद लागत में भारी वृद्धि के बावजूद सरकार ने उपभोक्ताओं पर इसका प्रभाव न्यूनतम रखने के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं. उन्होंने स्पष्ट किया कि पावर परचेज एडजस्टमेंट कॉस्ट (पीपीएसी) कोई नई व्यवस्था नहीं है, बल्कि बिजली कानूनों के तहत पहले से लागू एक नियामक प्रावधान है.

# युद्ध का स्वरूप तेजी से बदल रहा है : राजनाथ

▸ योद्धाओं को एडाप्ट, अडॉप्ट और अमेंड' का दिया मंत्र

**नई दिल्ली, 13 जून. हैदराबाद स्थित एयर फोर्स अकादमी में आयोजित संयुक्त स्नातक परेड में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नए वायुसेना अधिकारियों को एडाप्ट, अडॉप्ट और अमेंड का मंत्र दिया. उन्होंने कहा कि आधुनिक युद्ध का स्वरूप तेजी से बदल रहा है और ड्रोन, सैटेलाइट, सेंसर व साइबर तकनीकें नई चुनौतियां पैदा कर रही हैं.**

उन्होंने कैडेट्स से भविष्य की युद्ध रणनीतियों को समझकर राष्ट्र सुरक्षा में योगदान देने का आह्वान किया. आधुनिक युद्ध के बदलते स्वरूप और नई तकनीकों से पैदा हो रही चुनौतियों के बीच रक्षा



मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय वायुसेना के नए अधिकारियों को भविष्य के युद्ध के लिए तैयार रहने का संदेश दिया है. तेलंगाना के हैदराबाद स्थित एयर फोर्स अकादमी में 217वें कोर्स की संयुक्त स्नातक परेड को संबोधित करते हुए उन्होंने कैडेट्स को 'एडाप्ट, अडॉप्ट और अमेंड' का मंत्र दिया. उन्होंने कहा कि आज की लड़ाइयां केवल सैनिकों और हथियारों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ड्रोन, सैटेलाइट, सेंसर, रोबोटिक्स और साइबर तकनीकें युद्ध का स्वरूप बदल रही हैं. रक्षा मंत्री ने प्रशिक्षण पूरा करने वाले कैडेट्स को बधाई दी.

**▸ दीक्षांत परेड का निरीक्षण**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हैदराबाद स्थित वायु सेना अकादमी में संयुक्त दीक्षांत परेड का निरीक्षण किया. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज हैदराबाद के दुंडीगल स्थित वायु सेना अकादमी में 217वें बैच की संयुक्त दीक्षांत परेड का निरीक्षण किया. उन्होंने नवनियुक्त अधिकारियों से बदलती युद्ध तकनीकों के अनुरूप खुद को तैयार रखने का आह्वान किया है. उन्होंने कहा कि आधुनिक युद्ध में ड्रोन, उपग्रह और रोबोटिक्स जैसी तकनीकों की भूमिका बढ़ रही है. राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में प्रशिक्षित महिला कैडेटों के पहले बैच को भी शामिल किया.

# प्रोटीन सप्लीमेंट स्वास्थ्य के लिए बन सकता है खतरा : डॉ .साहनी

**नई दिल्ली, 13 जून. जिम और फिटनेस का बढ़ता क्रेज युवाओं को तेजी से सप्लीमेंट्स की ओर आकर्षित कर रहा है. लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि बिना जांच-पड़ताल के इस्तेमाल किए गए कुछ सप्लीमेंट्स गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा कर सकते हैं.**

शक्ति नगर स्थित साहनी गैस्ट्रो एंड लिवर केयर के फाउंडर एवं गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉक्टर कार्तिक साहनी के मुताबिक, बाजार में उपलब्ध हर प्रोटीन सप्लीमेंट सुरक्षित नहीं होता. उत्पादों में एनाबॉलिक स्टेरॉयड, भारी धातुएं और अन्य हेपाटो टॉक्सिक रसायन शामिल हो सकते हैं, जो लिवर को गंभीर नुकसान पहुंचा सकते हैं. डॉ. साहनी का कहना है कि किसी




व्यक्ति को सप्लीमेंट लेने के बाद थकान, भूख कम लगना, एसिडिटी, आंखों में पीलापन या अन्य असामान्य लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत सप्लीमेंट का सेवन बंद कर विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए. एक मामला 28 वर्षीय एक फिटनेस प्रेमी का सामने आया, जिसने जिम ट्रेनर की सलाह पर एक प्रोटीन सप्लीमेंट लेना शुरू किया.

## सबरीमाला सोना घोटाला के आरोपी मुरारी का निधन

**त्रिवेंद्रम.** सबरीमाला सोना घोटाले मामले के दूसरे आरोपी और त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड के पूर्व अधिकारी मुरारी बाबू का कैंसर के कारण निधन हो गया. वह मंदिर से हटाए गए सोने की परत वाले पैनलों के कथित गबन मामले में जांच का सामना कर रहे थे. उन पर आय से अधिक संपत्ति, प्रशासनिक अनियमितताओं और अन्य विवादों के भी आरोप लगे थे. केरल के चर्चित सबरीमाला सोना घोटाले से जुड़े दूसरे आरोपी और टीडीबी के पूर्व प्रशासनिक अधिकारी मुरारी बाबू का शनिवार को निधन हो गया. वह कैंसर से पीड़ित थे और कोच्चि के एक निजी अस्पताल में इलाजरत थे. उनकी मौत ऐसे समय हुई है जब सबरीमाला मंदिर से जुड़े सोने की परत वाले पैनलों के कथित गबन और अन्य वित्तीय अनियमितताओं की जांच अब भी जारी है.

## हस्तियों के ट्वीट



पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने सोशल मीडिया एक्स पर ईरान और अमेरिका के बीच समझौते को लेकर उम्मीद जताई है. उन्होंने एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि हम शांति समझौते के पहले से कहीं ज़्यादा करीब हैं. अगले 24 घंटों में इसके फाइनल होने की उम्मीद है, जिसके तुरंत बाद पाकिस्तान शांति समझौते पर इलेक्ट्रॉनिक तरीके से हस्ताक्षर करने की तैयारी कर रहा है



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि पंजाब राज्य के व्यापारियों की बैठक को संबोधित करते हुए 7 केजरीवाल का ट्वीट : आप सरकार व्यापारियों, दुकानदारों और कारोबारियों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है.

## दालमंडी में बुलडोजर पर हाईकोर्ट की रोक

**वाराणसी.** वाराणसी के ऐतिहासिक और व्यस्त दालमंडी क्षेत्र में प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण योजना को लेकर चल रहा विवाद एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है. इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इस मामले में अहम हस्तक्षेप करते हुए विवादित भवनों पर किसी भी प्रकार की ध्वस्तीकरण कार्रवाई पर रोक लगा दी है. अदालत ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि अगली सुनवाई तक संबंधित परिसर में यथास्थिति बनाए रखी जाए. इस फैसले के बाद स्थानीय निवासियों और व्यापारियों में राहत की भावना देखी जा रही है, जो लंबे समय से संभावित बुलडोजर कार्रवाई को लेकर चिंतित थे.


# बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस प्रणाली का सफल प्रदर्शन

▸ डीआरडीओ की बड़ी रक्षा सफलता हासिल

▸ तीन फ्लाइट टेस्ट से बढ़ी क्षमता

**नई दिल्ली, 13 जून. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने देश की रक्षा तैयारियों को और अधिक सुदृढ़ करते हुए कई महत्वपूर्ण रक्षा तकनीकों का सफल प्रदर्शन किया है.**

संगठन ने 10 और 11 जून 2026 को लगातार तीन फ्लाइट टेस्ट सफलतापूर्वक संपन्न किए, जिनका उद्देश्य लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों के खिलाफ मल्टी-लेयर्ड रक्षा क्षमता और



मध्यम दूरी की एंटी-शिप क्षमता का प्रदर्शन करना था. डीआरडीओ ने मल्टी-लेयर्ड बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस क्षमता का सफल प्रदर्शन किया, जिसमें इंटरसेप्टर मिसाइलों ने अपने निर्धारित लक्ष्यों को सटीकता के साथ भेद दिया. इन प्रणालियों को मिसाइल से जुड़े नए और उभरते खतरों का सामना करने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों के साथ डिजाइन और विकसित किया गया है.

## आज का इतिहास

1444- भारतीय खगोलशास्त्री और गणितज्ञ नीलकंठ सोमयाजी का जन्म.

1595- सिखों के छठे गुरु गुरु हरगोविंद सिंह का जन्म.

1822- चार्ल्स बैबेज ने रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी को दिये एक पेपर में दुनिया के पहले सैद्धांतिक यांत्रिक कंप्यूटर डिफरेंस इंजन का प्रस्ताव रखा.

1880- भारतीय राष्ट्रवादी, वैज्ञानिक और आविष्कारक सतीश चंद्र दासगुप्ता का जन्म.

1900- हवाई क्षेत्र अमेरिका का 50वां राज्य बना.

1901- पहली बार गोल्फ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ.

# फिर जांच के घेरे में कुणाल

**कोलकाता, 13 जून. पश्चिम बंगाल की राजनीति एक बार फिर हलचल में है, जहां तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक कुणाल घोष को फर्जी हस्ताक्षर मामले में सीआईडी ने दोबारा तलब किया है. जांच एजेंसी ने उन्हें रविवार को पूछताछ के लिए उपस्थित होने का निर्देश दिया है.**

**फर्जी हस्ताक्षर प्रकरण में जांच तेज**

इस कार्रवाई ने राजनीतिक गलियारों में नई बहस छेड़ दी है, क्योंकि इसी मामले में पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं से भी लगातार पूछताछ जारी है. सूत्रों के अनुसार,



यह मामला विधायकों के कथित फर्जी हस्ताक्षरों से जुड़ा है, जिसकी जांच सीआईडी गंभीरता से कर रही है. इससे पहले तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी से भी लंबी पूछताछ की जा चुकी है. अब कुणाल घोष को दोबारा समन भेजे जाने से संकेत मिलते हैं कि जांच एजेंसी इस प्रकरण की हर परत को खोलने की कोशिश में जुटी है.

**रणनीतिक सहयोग ▸ टीईपीए के तहत बढ़ेगा आर्थिक और रणनीतिक सहयोग**

# आर्थिक साझेदारी को मिलेगी नई मजबूती : पीयूष

**नई दिल्ली, 13 जून. केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत और स्विट्जरलैंड ने अपनी मजबूत और दीर्घकालिक साझेदारी की पुनर्पुष्टि की है.**

उन्होंने कहा कि दोनों देश भारत-ईएफटीए व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते के तहत आर्थिक जुड़ाव और रणनीतिक सहयोग को और गहरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं. पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि उनकी स्विस परिसंघ के राष्ट्रपति गाय परमेलिन के साथ महत्वपूर्ण



**भारत-स्विट्जरलैंड एफटीए दीर्घकालिक विकास को देंगे मजबूती**

बैठक हुई. उन्होंने कहा कि बातचीत के दौरान दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मजबूत करने और टीईपीए के माध्यम से सहयोग को आगे बढ़ाने की साझा इच्छा पर जोर दिया गया. गोयल ने कहा कि भारत और स्विट्जरलैंड के बीच मजबूत साझेदारी के आधार पर दोनों पक्ष व्यापार, निवेश और रणनीतिक सहयोग के नए अवसरों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं. टीईपीए दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को नई दिशा देने वाला महत्वपूर्ण समझौता है.

**▸ पीएम मोदी समेत कई नेताओं ने दी शुभकामनाएं**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का शनिवार को 62वां जन्मदिन है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें जन्मदिन की बधाई देते हुए उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की कामना की. पीएम नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्री गोयल व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं. उन्होंने कहा कि उनके प्रयासों से आत्मनिर्भर भारत को मजबूती मिल रही है और देश समृद्धि की दिशा में आगे बढ़ रहा है. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने संदेश में कहा कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री के रूप में पीयूष गोयल की कड़ी मेहनत और समर्पण ने प्रधानमंत्री मोदी के सशक्त और समृद्ध भारत के विजन को आगे बढ़ाने में प्रभावी भूमिका निभाई है. केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पीयूष गोयल को केंद्रीय मंत्रिमंडल का सहयोगी बताते हुए जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं.

## भारतीय नाविकों वाले चौथे जहाज पर हमले के दावे फर्जी : विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली.** भारत ने ओमान तट के निकट भारतीय नाविकों वाले चौथे जहाज लियाकी फ्रीडम पर अमेरिकी नौसेना के हमले के बारे में सोशल मीडिया पर किये जा रहे दावों को गलत बताते हुए इन्हें बेबुनियाद करार दिया है. विदेश मंत्रालय ने शनिवार को सोशल मीडिया पर अपने फैक्ट चेक हैंडल से एक पोस्ट में कहा कि भारतीय नाविकों वाले जहाज लियाकी फ्रीडम पर हमले का सोशल मीडिया पर किया जा रहा दावा फर्जी है. विदेश मंत्रालय ने कहा है कि इस जहाज के मास्टर से बात की गयी है और जहाज पर सवार सभी नाविक सुरक्षित हैं. मंत्रालय ने कहा है कि वे सोशल मीडिया पर ऐसे झूठे तथा बेबुनियाद दावों और पोस्ट से सावधान रहें.



विमान हादसे में शिकार हुए कैप्टन और जवान

# लैंडिंग के दौरान एन-32 हादसे का शिकार

**नई दिल्ली 13 जून.** भारतीय वायुसेना का एक एन -32 मालवाहक विमान एयरबेस पर लैंडिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में अग्निवीर खेमाराम कुमावत, सार्जेंट जितेंद्र और कॉर्पोरल दानिश की मौत हो गई, जबकि एक सह-पायलट घायल हो गया. दुर्घटना के बाद विमान में भीषण आग लग गई और वह दो हिस्सों में टूट गया. वायुसेना के अनुसार विमान नियमित उड़ान पर था और एयरबेस पर उतरने की कोशिश कर रहा था, तभी हादसा हो गया.

**▸ मातम में बदलीं शादी की खुशियां**

हादसे में जान गंवाने वाले अग्निवीर खेमाराम कुमावत राजस्थान के डीडवाना-कुचामन जिले के पांचोता गांव के निवासी थे। परिवार में उनकी शादी को लेकर बातचीत चल रही थी और घर में खुशियों का माहौल था, जो इस हादसे के बाद मातम में बदल गया. सार्जेंट जितेंद्र उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ के रहने वाले थे. वर्ष 2014 में भारतीय वायुसेना में भर्ती हुए जितेंद्र परिवार के सबसे छोटे सदस्य थे. उनके परिवार में मां और दो बड़े भाई रमाकांत तथा भूपेंद्र हैं. परिजनों के अनुसार वह हाल ही में छुट्टी बिताकर 5 जून 2026 को ड्यूटी पर लौटे थे. परिवार उनकी शादी की तैयारियों और रिश्तों पर चर्चा कर रहा था. वहीं, कॉर्पोरल दानिश बिहार के निवासी थे. उनकी भी शादी की बात चल रही थी। हादसे ने तीन परिवारों के भविष्य के सपनों को एक झटके में तोड़ दिया.